Educationaly out of 45 districts, 24 districts have literacy below the State average of 43.5 per cent (1991 census). Industrially 40 out of 45 districts of State have been identified as backward. Out of these 36 have been declared as backward by Central Government and 4 districts by the State Government. Though successive Five Year Plans and Annual Plans the State Government has been making sincere efforts to remove regional imbalances within the State.

कृषि विकास की दर

4080. **श्री विनोद शर्मा :** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 3 जुलाई, 1992 के "हिन्दुस्तान टाइम्स" में "एट्थ प्लान प्लेमड एक्सरसाइज" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि आगामी आठवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि उत्पादन की वार्षिक वृद्धि दर 3 प्रतिशत निर्धारित की गई है ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पिछली पंचवर्षीय योजना में यह वृद्धि 2.9 प्रतिशत तक थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस वार्षिक वृद्धि दर से आगामी वर्षों में देश की खाद्यान्न संबंधी आवश्यकता की पूर्ति करना संभव नहीं है ; और

(ङ) यदि हां, तो वृद्धि दर का यह लक्ष्य किस आधार पर निर्धारित किया गया है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) आठवीं योजना (1992-97) के दौरान कृषि क्षेत्र में विकास के लिए प्रस्तावित लक्ष्य 3.1 प्रतिशत प्रति वर्ष है । सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में, प्राप्त की गई वार्षिक औसत विकास दर 3.6 प्रतिशत बताई गई है ।

(घ) आठवीं योजना में दस्तावेजों में खाद्यान्नों का उत्पादन और आवश्यकता अनुमान 1996-97 के लिए क्रमश: 210 मिलियन टन और 208 मिलियन टन लगाया गया है ।

(ङ) कृषि क्षेत्र के लिए विकास दर, कृषि सहित अर्थ-व्यवस्था की समग्र विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर निश्चित दर तथा सभी क्षेत्रों की अनुमानित की गई है ।

आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान प्राथमिकताएं

4081. **श्री विनोद शर्मा :**

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना में विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए प्राथमिकतायें निर्धारित की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना में किन-किन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है; है ; और

(ग) इन प्राथमिकताओं का क्रम क्या है और इन क्षेत्रों में सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परियोजनाओं पर खर्च की गई धनराशियों की तुलना में आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कितनी धनराशि खर्च किए जाने का प्रस्ताव है और चालू योजनावधि के दौरान इन क्षेत्रों में कितने-कितने लक्ष्यों को प्राप्त करने का निश्चय किया गया है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर-पारम्परिक